डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय ,भदोही
उत्तर प्रदेश

मिशन शक्ति 2025 (फेज-05 )
आख्या


विषय :मिशन शक्ति के अंतर्गत छात्रों के समस्याओं के निवारण हेतु एंटी रैगिंग एवं महिला उत्पीड़न निवारण समिति का गठन।

दिनांक 6 अक्टूबर 2025 को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय, भदोही में छात्राओं की शिकायतों के निवारण एवं महाविद्यालय परिसर को सुरक्षित, सहयोगी तथा सम्मानजनक वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से एंटी रैगिंग एवं महिला उत्पीड़न निवारण समिति का गठन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. माया ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या महोदया के स्वागत उद्बोधन से हुआ, जिसमें उन्होंने छात्राओं को समिति के गठन की आवश्यकता, इसके उद्देश्यों तथा इसके माध्यम से छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में उठाए गए कदमों की जानकारी दी।इसके पश्चात डॉ. रुस्तम अली ने एंटी रैगिंग एवं महिला उत्पीड़न निवारण समिति के महत्व, गठन प्रक्रिया एवं कार्यप्रणाली पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं को बताया कि इस समिति का उद्देश्य न केवल शिकायतों का निवारण करना है, बल्कि महाविद्यालय परिसर में पारस्परिक सम्मान और सहयोग की भावना को सशक्त बनाना भी है। तत्पश्चात डॉ. राजकुमार सिंह यादव ने भी समिति के गठन के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए तथा छात्राओं को समिति के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे, जिनमें डॉ. अंकिता तिवारी (एनएसएस प्रभारी), डॉ. शिखा तिवारी ,डॉ. रित्विक रंजन सिंह, डॉ. रुस्तम अली,पूनम द्विवेदी, डॉ. राजकुमार सिंह यादव, प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों ने समिति के गठन का स्वागत करते हुए इसे छात्र-छात्राओं की सुरक्षा की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया।

कार्यक्रम के दौरान समिति की संरचना की औपचारिक घोषणा की गई, जिसमें डॉ. माया यादव को समिति का संरक्षक घोषित किया गया। समिति के अन्य सदस्यों में डॉ. अंकिता तिवारी (एनएसएस प्रभारी) ,डॉ. शिखा तिवारी, डॉ. रित्विक रंजन सिंह, डॉ. रुस्तम अली और पूनम द्विवेदी को सदस्य के रूप में सम्मिलित किया गया। छात्र प्रतिनिधियों में आयुषी यादव (बी.ए. पंचम सेमेस्टर), खुशी उपाध्याय (बी.ए. तृतीय सेमेस्टर), नेहा यादव (बी.ए. प्रथम सेमेस्टर), खुशी चौबे (बी.एससी), सुजाता सिंह (बी.एस.सी तृतीय सेमेस्टर)तथा शिवानी तिवारी (बी.एस.सी प्रथम सेमेस्टर) ने सक्रिय भागीदारी की।कार्यक्रम के समापन अवसर पर डॉ. अंकिता तिवारी ने सभी उपस्थित जनों का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि यह समिति छात्राओं को अपनी समस्याएँ निर्भीकता से रखने का मंच प्रदान करेगी और उनके त्वरित निवारण के लिए सदैव तत्पर रहेगी। अंत में प्राचार्या डॉ. माया ने कहा कि महाविद्यालय परिवार छात्राओं की गरिमा, सुरक्षा एवं समान अवसरों की भावना के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित है और इस समिति के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि महाविद्यालय का वातावरण सदैव सुरक्षित, सौहार्दपूर्ण एवं सकारात्मक बना रहे।कार्यक्रम का संचालन अनुशासन एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। सभी शिक्षकगण, छात्राएँ एवं कर्मचारी इस आयोजन का अभिन्न हिस्सा बने तथा सभी ने एक स्वर में यह संकल्प लिया कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय, भदोही, सदैव एक रैगिंग-मुक्त, उत्पीड़न-मुक्त और सशक्तिकरण-प्रधान संस्थान के रूप में अपनी पहचान बनाए रखेगा।

Maya
प्राचार्य
डा० श्यामा प्रसाद मुखर्जी
राजकीय महाविद्यालय, भदोही

**Date :6/10/2025**




डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय, भदोही
शक्ति फेज 5.0
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन
1090
1076
112
1098
102
101
GPS Map Camera
Ahamadpur Phulwariya, Uttar Pradesh, India
9hhv+88h, Ahamadpur Phulwariya, Uttar Pradesh 221401, India
Lat 25.378402° Long 82.59337°
06/10/25 01:30 PM GMT +05:30
Google


SHOT ON MI 10I

हिन्दुस्तान

# शिकायत निस्तारण के लिए समिति

**भदोही, संवाददाता।** शहर के रामरायपुर स्थित डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान शिकायतों के निवारण एवं महाविद्यालय परिसर को सुरक्षित, सहयोगी तथा सम्मानजनक वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से एंटी रैगिंग एवं महिला उत्पीड़न निवारण समिति का गठन किया गया।



डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में शामिल छात्राएं।

प्राचार्या डा. माया ने छात्राओं को समिति के गठन की आवश्यकता, इसके उद्देश्यों तथा इसके माध्यम से छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में उठाए गए कदमों की जानकारी दी। डा. रुस्तम अली ने एंटी रैगिंग एवं महिला उत्पीड़न निवारण समिति के महत्व, गठन प्रक्रिया एवं कार्यप्रणाली पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं को बताया कि इस समिति का उद्देश्य न केवल शिकायतों का निवारण करना है, बल्कि महाविद्यालय परिसर में पारस्परिक सम्मान और सहयोग की भावना को सशक्त बनाना भी है। डा. राजकुमार सिंह यादव ने भी समिति के गठन के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए। छात्राओं को समिति के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर अंकिता तिवारी, डा. शिखा तिवारी, डा. रित्विक रंजन सिंह, पूनम द्विवेदी रहे। प्राचार्य डा. माया को समिति का संरक्षक बनाया गया।

# महाविद्यालय परिसर को सुरक्षित बनाना हम सबका लक्ष्य : डॉ. माया

संवाद न्यूज ऐजेंसी

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय में एंटी रैगिंग समिति गठित

**भदोही।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय में शिकायत निवारण प्रणाली के साथ-साथ एंटी रैगिंग व महिला उत्पीड़न निवारण समिति का गठन किया गया है।

यह समिति महाविद्यालय परिसर को सुरक्षित बनाने में भी सहयोग देगी। इस संबंध में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ. माया यादव ने कहा कि महाविद्यालय परिसर को सुरक्षित बनाना हम सबका लक्ष्य है। प्राचार्या डॉ. माया यादव ने कहा कि महाविद्यालय परिवार छात्राओं की गरिमा, सुरक्षा एवं समान अवसरों की भावना के प्रति समर्पित है।

इस समिति के माध्यम से सुनिश्चित किया जाएगा कि महाविद्यालय का वातावरण सुरक्षित, सौहार्दपूर्ण और सकारात्मक बना रहे। डॉ. रुस्तम अली ने एंटी रैगिंग एवं महिला उत्पीड़न निवारण समिति के महत्व, गठन प्रक्रिया और कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला। बताया कि इसका उद्देश्य न केवल शिकायतों का निवारण करना है, बल्कि ऐसा माहौल कायम करना है, जिससे कम से कम शिकायतें आएं। डॉ. राजकुमार सिंह यादव ने समिति के गठन के विभिन्न पहलुओं पर विचार व्यक्त किए।

# महिला उत्पीड़न निवारण समिति की संरक्षक बनीं प्राचार्य डा. माया

- एसपीएम राजकीय महाविद्यालय में बैठक कर लिया गया निर्णय
- छात्राओं को सक्रिय भूमिका निभाने के लिए किया गया प्रेरित

जागरण संवाददाता, भदोही : डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को आयोजित बैठक के दौरान छात्राओं की शिकायतों के निवारण एवं महाविद्यालय परिसर को सुरक्षित, सहयोगी व सम्मानजनक वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से एंटी रैगिंग एवं महिला उत्पीड़न निवारण समिति का गठन किया गया। प्राचार्य प्रो. माया यादव को समिति का संरक्षक बनाया गया। समिति के अन्य सदस्यों में डा. अंकिता तिवारी (एनएसएस प्रभारी), डा. शिखा तिवारी, डा. रित्विक रंजन सिंह, डा. रुस्तम अली और पूनम द्विवेदी को सम्मिलित किया गया। छात्र प्रतिनिधियों में आयुषी यादव (बीए पंचम सेमेस्टर), खुशी उपाध्याय (बीए तृतीय सेमेस्टर), नेहा यादव (बीए प्रथम सेमेस्टर), खुशी चौबे (बीएससी), सुजाता सिंह (बीएससी तृतीय सेमेस्टर) व शिवानी तिवारी (बीएससी प्रथम सेमेस्टर) ने सक्रिय भागीदारी की।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य ने छात्राओं के लिए समिति के गठन की आवश्यकता, इसके उद्देश्यों व इसके माध्यम से छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में उठाए गए कदमों की जानकारी दी। डा. रुस्तम अली ने एंटी रैगिंग एवं महिला उत्पीड़न निवारण समिति के महत्व, गठन प्रक्रिया एवं कार्यप्रणाली पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं को बताया कि इस समिति का उद्देश्य न केवल शिकायतों का निवारण करना है, बल्कि महाविद्यालय परिसर में पारस्परिक सम्मान और सहयोग की भावना को सशक्त बनाना भी है। डा. राजकुमार सिंह यादव ने भी समिति के गठन के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए व छात्राओं को समिति के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। शिक्षकों ने समिति के गठन का स्वागत करते हुए इसे छात्र-छात्राओं की सुरक्षा की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया।